an>

Title: Need to complete the work of four lanning of National Highway No. 27 between Majhgaon and Chalk in Reeva Parliamentary Constituency.

श्री जनार्दन मिश्र (रीवा) : सभापति महोदय, रीवा जिले के नेशनल हाइवे क्रमांक से 27 से मझगांवां से चाक के बीच फोर लाइन के निर्माण का कार्य चल रहा है। उस निर्माण एजेंसी और कॉन्ट्रैक्टर के बीच विवाद की वजह से निर्माण कार्य रूका हुआ है। अगर अभी वहां निर्माण कार्य पूरा नहीं किया गया तो बरसात में वह मार्ग अवरुद्ध हो जायेगा क्योंकि पहले वाले मार्ग को पूरी तरह से खोद डाला गया है और दूसरा को वैकल्पिक मार्ग नहीं है।

मेरा केन्द्र सरकार और परिवहन मंत्रालय से अनुरोध है कि बरसात के पहले उस मार्ग का निर्माण कार्य कम से कम इतना का दिया जाये कि वह चलने लायक हो सके। अगल-बगल प्रधानमंत्री योजना की जिन सड़कों को बर्बाद किया गया है, उन सड़कों का भी निर्माण केन्द्र सरकार करे। जयहिन्द।